BSES
BSES Rajdhani Power Limited
a joint venture with GONCTD

20 YEARS
POWERING DELHI
EMPOWERING CONSUMERS

# SAMVAD

## धन्यवाद!

प्रिय ग्राहक,

1 जुलाई, 2022 को, दिल्ली को रौशन करने और उपभोक्ताओं को सशक्त बनाने की बीआरपीएल की 20 वर्षगांठ है। संयोग से यह अवसर, भारत की आजादी के 75वें साल में आ रहा है। इन पिछले दो दशकों में बीआरपीएल एक आधुनिक बिजली वितरण कंपनी के तौर पर उभरी है और दक्षिण व पश्चिम दिल्ली के 1 करोड़ से अधिक उपभोक्ताओं को विश्वसनीय और निर्बाध बिजली आपूर्ति उपलब्ध करा रही है।

2002 से अब तक यह अपने एटीएंडसी लॉस को 51.2 प्रतिशत से घटाकर करीब 7 प्रतिशत पर लाने में सक्षम हुई है। लॉस में करीब 44 प्रतिशत की कमी आई है और इसने बीआरपीएल को दुनिया के बड़े डिस्कॉम्स की कतार में ला खड़ा किया है। वित्त वर्ष 23–24 तक बीआरपीएल के बिजली पोर्टफोलियो में 50 प्रतिशत से ज्यादा हिस्सा हरित ऊर्जा का होगा, जिससे यह देश के सबसे हरित डिस्कॉम्स में शामिल हो जाएगी। टिकाऊ विकास को समर्तित बीआरपीएल दिल्ली में सोलर रूफटॉप और ईवी क्रांति को बढ़ावा देने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

बीआरपीएल ने बड़े पैमाने पर अपनी सेवाओं को डिजिटल कर दिया है। आज की तारीख में एक उपभोक्ता घर बैठे बीआरपीएल की सेवाओं का लाभ उठा सकता है और वॉट्सऐप, बीआरपीएल मोबाइल ऐप, बीएसईएस वेबसाइट, चैट बॉट, ई वॉलेट्स, नेट बैंकिंग, क्रेडिट/डेबिट कार्ड और यूपीआई माध्यमों से अपने बिजली बिल का भुगतान कर सकता है। अब उपभोक्ताओं को बीआरपीएल ऑफिस में विजिट करने की जरूरत नहीं है।

आपके सहयेग और समर्थन के बिना हम यह सफर तय नहीं कर पाते। इसके लिए आपको बहुत–बहुत धन्यवाद! आपके निरंतर सहयोग से, हम अपनी सेवाओं में और अधिक सुधार करते रहेंगे।

सादर,
टीम बीआरपीएल

## बारिश के दिनों में निम्नलिखित टिप्स अपनाएं, सुरक्षित रहें

मॉनसून एक बार फिर दस्तक दे रहा है। उमंग और उल्लास के साथ–साथ मॉनसून अपने साथ कुछ समस्याएं भी लाता है और इस सीजन में वॉटर लॉगिंग के कारण बिजली से संबंधित दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ जाता है। लेकिन, कुछ सावधानियां बरतकर आप खुद को और अपने प्रियजनों को सुरक्षित रख सकते हैं और इस तरह, दुर्घटना–मुक्त मॉनसूस को सुनिश्चित किया जा सकता है।

- बिजली के पोल, सब–स्टेशन, टांसफॉर्मर, स्ट्रीट लाइट समेत बिजली के सभी उपकरणों से दूर रहें
- बच्चों को जागरूक करें कि वे बिजली उपकरणों/ इंस्टलेशंस के पास न खेलें, अगर इन चीजों को बेरिकेड किया गया हो, तो भी
- घर के अंदर या कहीं भी, बिजली से चलने वाले सामान/उपकरणों को गीले हाथों से न छुएं
- अपने घर पर एक टेस्टर रखें। यदि कोई स्विच या आपके घर की दीवार गीली हो, तो इसे न छुएं। पहले टेस्टर से चेक कर लें कि कहीं उनमें करंट तो नहीं आ रहा है। जरूरत हो, तो अपने इलेक्ट्रिशियन को कॉल करें।
- झटके और दुर्घटना से बचने के लिए अर्थ लीकेज सार्किट ब्रेकर (ईएलसीबी) लागबायें।

## गो सोलरः अब सिर्फ 23,400* रूपये प्रति किलोवॉट की लागत पर



काफी कम समय में ही बीआरपीएल ने साउथ और वेस्ट दिल्ली में 3500 रूफटॉप सौर ऊर्जा कनेक्शनों को एनर्जाइज कर दिया है, जिसका कनेक्टेड सोलर लोड 100 मेगावॉट के करीब है। सभी श्रेणियों के उपभोक्ताओं ने बड़ी संख्या में रूफटॉप सोलर नेट मीटरिंग के कनेक्शन लिए हैं। इनमें आवासीय और सीजीएचएस उपभोक्ता भी शामिल हैं। बिजली बिल में कमी लाने और पर्यावरण के प्रति अपना योगदान देने का यह एक अच्छा तरीका है।

अब सौर ऊर्जा सिस्टम के लिए आवासीय उपभोक्ता 40 प्रतिशत तक सरकारी सब्सिडी ले सकते हैं। अपनी रूचि दर्शाने और दरों व वेंडरों के बारे में जानकारी हासिल करने के लिए कृपया www.solarbses.com पर जाएं।

आप 19123 पर कॉल भी कर सकते हैं (ऑप्शन 9)।

**कीमत प्रति किलोवॉड 3 किलोवॉट तक का कनेक्शन; जीएसटी को छोड़कर*

## हमारा मोबाइल ऐप अब और भी पावरफुल!


## अब यह है "बीआरपीएल पावर ऐप"

नए व शानदार फीचर्स तथा आसान नेविगेशन की ताकत का अनुभव करें!


स्कैन कर आसानी से डाउनलोड करें

GET IT ON Google Play

Download on the App Store




**अब हम वॉट्सऐप बिजनेस पर भी उपलब्ध हैं! 8800919123 पर हम तक पहुँचे**



Available on the App Store

Available on the Android Market

टॉल फ्री 24x7
19123

8800919123 पर
हमें Hi कहें और हमारी
निम्नलिखित सेवाओं का लाभ उठाएं

- बिल देखें व भुगतान करें
- बिल विवरण
- सेल्फ मीटर रीडिंग
- बिजली गुल की शिकायत
- प्रीपेड मीटर बैलेंस तथा रीचार्ज
- बिजली दरें व सब्सिडी डिटेल्स
- और भी बहुत कुछ

अपने फीडबैक भेजें: कारपोरेट कम्युनिकेशन, बीएसईएस राजधानी पावर लिमिटेड, बीएसईएस भवन, नेहरु प्लेस, नई दिल्ली–110019

CIN No.: U40109DL2001PLC111527, GSTIN.: 07AAGCS3187H2Z3 19123 www.bsesdelhi.com www.facebook.com/bsesdelhi https://twitter.com/BSESDELHI

संवाद में एडवरटाइज के लिए brpl.bd@relianceada.com पर ईमेल करें अथवा 8375010861 पर कॉल करें | बीआरपीएल राजधानी पावर लिमिटेड संवाद में प्रकाशित एडवरटिजमेंट के लिए कानूनी रुप से जिम्मेवार नही है।